भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये **Rs. 100**

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES





INDIA N... DICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 398843

## " विनय मैमोरियल एजूकेशनल ट्रस्ट"

578, फेण्ड्स कालोनी, इटावा (उ0प्र0)

आज दिनांक 18.2.2012 को हम लोगों शिवप्रसाद यादव, विनीत यादव व श्रीमती संतोष कुमारी ने एक ट्रस्ट की स्थापना का निर्णय लिया है। ट्रस्ट की स्थापना हेतु श्रद्धा यादव पुत्री श्री उमेश यादव निवासी खुशीपुरा झांसी ने 11000/–रू0 की धनराशि का सहयोग प्रदान किया है। ट्रस्ट की नियमावली व अन्य विवरण निम्नवत् रहेगा।

1. ट्रस्ट का नाम– विनय मैमोरियल एजूकेशनल ट्रस्ट होगा।
2. ट्रस्ट का कार्यालय– 578 फेण्ड्स कालोनी इटावा उ0प्र0 होगा। ट्रस्टीगण आपसी सहमति से इसे अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कर सकते हैं।
3. ट्रस्ट का कार्य क्षेत्र– सम्पूर्ण भारत वर्ष।

ट्रस्ट के समेकित उद्देश्य निम्नांकित होंगे–

1. शिक्षा की उत्तरोत्तर विकास हेतु नर्सरी एवं शिशु स्तर से लेकर प्राइमरी, जू0हा0स्कूल माध्यमिक उ0मा0, स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा तक के बालक एवं बालिकाओं के लिये हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, उर्दू आदि भाषाओं के माध्यम से शिक्षा देने हेतु विद्यालय तथा शैक्षिक संस्थान खोलना एवं उनका संचालन करना और इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिये आवश्यकता होने पर अन्य शैक्षिक संस्थाओं को वित्तीय एवं तकीनीकि सहायता देना।

सन्तोषकुमारी Vinet शिवप्रसाद

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 398844



2– इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबन्धन, पैरामेडिकल, नर्सिंग, फार्मेसी और अन्य सभी प्रकार की व्यवसायिक शिक्षा हेतु शिक्षण संस्थानों की स्थापना करना तथा उनका विकास एवं संचालन करना तथा इन क्षेत्रों में नवीन शोध हेतु अपने शैक्षिक संस्थानों में सुविधाएँ/प्रयोगशालाएँ स्थापित करना और इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यकता होने पर अन्य शैक्षिक संस्थाओं को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता देना।

3– अपने शैक्षिक संस्थानों में आर्थिक शारीरिक तथा सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग अनुसूचित जाति एवं जन जाति तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं की शिक्षा हेतु शैक्षिक तथा अन्य प्रकार के प्रशिक्षण की व्यवस्था करना।

4– उपरोक्त शैक्षिक उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक होने पर एलोपैथिक, आयुर्वेदिक यूनानी होम्योपैथिक तथा सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त अन्य प्रकार की चिकित्सा पद्धतियों पर आधारित अस्पताल खोलना तथा उनका संचालन करना।

सन्तोषकुमारी Vineet

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

3

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 398845

## विधान एवं नियमावली

1. ट्रस्ट का नाम– विनय मेमोरियल एजूकेशनल ट्रस्ट होगा।
2. ट्रस्ट का कार्यालय– 578, फ्रेण्ड्स कालोनी, इटावा (उ०प्र०) होगा। ट्रस्टीगण आपसी सहमति से इसे अन्य स्थान पर भी स्थानान्तरित कर सकते है।
3. ट्रस्ट का वर्ष– 2012
4. ट्रस्ट का कार्यक्षेत्र– सम्पूर्ण भारतवर्ष

इस ट्रस्ट को संचालित करने के लिये निम्नलिखित ट्रस्टीगण होंगें।

| क्र०सं० | नाम | उम्र | पद | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शिवप्रसाद यादव पुत्र स्व० श्री बाबूराम यादव | 52 वर्ष | मैनेजिंग ट्रस्टी | ग्राम व पोस्ट हरदू जिला–औरैया | |
| 2 | श्री विनीत यादव पुत्र श्री शिवप्रसाद यादव | 26 वर्ष | ज्वांइट मैनेजिंग ट्रस्टी | मनिकपुर मोड़ अड्डा निहाल इटावा | |
| 3 | श्रीमती सन्तोष कुमारी पत्नी श्री शिवप्रसाद यादव | 48 वर्ष | ट्रस्टी | ग्राम व पोस्ट हरदू जिला–औरैया | |

सन्तोष कुमारी Vineet [signature]

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 398846

उपरोक्त ट्रस्टी आजीवन निम्नलिखित नियमों का पालन करते हुये ट्रस्ट का संचालन करेगें।

1. ट्रस्टीकरण की सभी बैठकों की अध्यक्षता मैनेजिंग ट्रस्टी द्वारा तथा मैनेजिंग ट्रस्टी की अनुपस्थित में ज्वाइंट मैनेजिंग ट्रस्टी द्वारा की जायेगी। मैनेजिंग ट्रस्टी व ज्वांइट मैनेजिंग ट्रस्टी दोनों के अनुपस्थिति की दशा में किसी अन्य ट्रस्टी द्वारा अध्यक्षता की जायेगी। ट्रस्ट बैठकों में सभी निर्णय बहुमत के आधार पर होगें। मतों की बराबरी की स्थिति में अध्यक्ष द्वारा निर्णायक मत का प्रयोग किया जायेगा।

2. मैनेजिंग ट्रस्टी के द्वारा बैंक के समस्त खातों का संचालन किया जायेगा। आवश्यकता पडने पर अथवा मैनेजिंग ट्रस्टी की अक्षमता अथवा अनुपलब्धता पर ज्वाइंट ट्रस्टी के हस्ताक्षर से खाते का संचालन होगा ताकि ट्रस्ट की व्यवस्था समुचित रूप से संचालित हो सके।

सन्तोषकुमारी

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH BB 398847

3. ट्रस्ट के द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाओं की प्रबन्धसमिति का चयन ट्रस्ट के तीनों पदाधिकारियों द्वारा ही आम सहमति से किया जायेगा तथा ऐसे किसी भी पदाधिकारी का निलम्बन तथा निष्कासन ट्रस्टीगणों के बहुमत के आधार पर ही किया जायेगा।

4. ट्रस्टीगणों द्वारा चयनित किसी संस्था की प्रबन्धसमिति या प्रबन्धसमिति का कोई पदाधिकारी यदि संस्था के हितों के विपरीत कार्य करता है तो ट्रस्टीगण बहुमत के आधार पर बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी वक्त या तो पूरी प्रबन्धसमिति को भंग कर सकते है या किसी पदाधिकारी को बिना कारण बताओ नोटिस दिये निष्कासित कर सकते है।

5. ट्रस्टीगण यदि स्वेच्छा से समाज की और अधिक सेवा करना चाहते है तो ट्रस्ट द्वारा संचालित एक संस्था कई संस्थाओं या सभी संस्थाओं में प्रबन्धक/मंत्री, उपप्रबन्धक/उपमंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद पर प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी भी चुन सकते है और कोई भी ट्रस्टी स्वेच्छा से किसी संस्था की प्रबन्ध समिति से ट्रस्टीगणों को विश्वास में लेकर कार्यमुक्त हो सकता है

सन्तोषकुमारी Vineet

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये **Rs. 100**

रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

BB 398848

6. ट्रस्ट के सुचारू प्रबन्ध आय व्यय पर विचार करने एवं अन्य सभी प्रकार के मामलों के निस्तारण हेतु ट्रस्टीगण की अधिक से अधिक बैठके आयोंजित की जायेगी परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि एक वर्ष में कम से कम तीन बैठकें अवश्य आयोजित की जायेगी।
7. ट्रस्ट की बैठकों का कोरम कम से कम दो सदस्यों की उपस्थिति से पूर्ण होगा।
8. बैठको की समस्त कार्यवाही निर्धारित कार्यवाही पुस्तिका में अंकित की जायेगी।
9. आय व्यय के रजिस्टर पर मैनेजिंग ट्रस्टी/प्रबन्धक के हस्ताक्षर संयुक्त रूप से भुगतान व आय प्रमाणित करने के लिये किये जायेगें।
10. ट्रस्ट की सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति पर मैनेजिंग ट्रस्टी को पूर्ण नियंन्त्रण होगा।
11. मैनेजिंग ट्रस्टी की आज्ञा के बिना किसी भी बैठक को आहुत नही किया जा सकता है।
12. ट्रस्ट के सुचारू रूप से संचालन के लिये आय व्यय का व्यौरा बनाया जायेगा। जिसका अनुमोदन तथा विश्लेषण ट्रस्टीगणों की बैठक में किया जायेगा।

सन्तोषकुमारी Vineet

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES 13 AUG 2012

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH BB 398849

13. स्मृति पत्र में वर्णित तीनों प्रारम्भिक व्यक्तियों के अतिरिक्त इस ट्रस्ट का कोई भी अन्य व्यक्ति न तो सदस्य हो सकता है और न ही पदाधिकारी। जब तक वर्तमान ट्रस्ट मण्डल के कम से कम दो लोग जीवित रहेगें तब तक इस ट्रस्ट में किसी अन्य व्यक्ति को शामिल नही किया जायेगा। जब एक ही सदस्य जीवित रह जायेगा तो उसे अधिकार होगा कि वह अपनी मर्जी के मुताबिक अपने उत्तराधिकारियों में से ही किन्हीं दो व्यक्तियों को ट्रस्टी के रूप में नामित करें। ट्रस्ट के प्रारम्भिक तीनों ट्रस्टीगण में जब तक एक भी आखिरी ट्रस्टी जीवित रहेगा तब तक वही मैनेजिंग ट्रस्टी रहेगा। प्रारम्भिक तीनों ट्रस्टी गणों की मृत्यु के पश्चात उनके उत्तराधिकारी ही इस ट्रस्ट के सदस्य होंगे जिसमें बड़ा पुत्र ही मैनेजिंग ट्रस्टी होगा। आखिरी जीवित बचे मैनेजिंग ट्रस्टी द्वारा नामित किये गये नये ट्रस्टी यदि ट्रस्ट के हित में कार्य नहीं करते हैं तो मैनेजिंग ट्रस्टी को अधिकार होगा कि वह उन्हें हटाकर दूसरे ट्रस्टी नामित करें। जिससे ट्रस्ट की व्यवस्था अग्रिम कार्यों के लिये सुचारू रूप से संचालित हो सके।

14. ट्रस्ट के इस विधान में मैनेजिंग ट्रस्टी के निर्देशानुसार ऐसा कोई भी संशोधन किया जा सकता है जो उसकी दृष्टि में ट्रस्ट के संचालन हेतु आवश्यक हो। किसी भी स्थिति में कठिनाई उत्पन्न होने पर मैनेजिंग ट्रस्टी द्वारा दिये गये निर्देषों के अनुसार समस्याओं का जो समाधान किया जायेगा वही सर्वमान्य होंगा।

सन्तोषकुमारी Vineet

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

34AB 326367

15. इस ट्रस्ट का विलय अन्य किसी ट्रस्ट/समिति में नही किया जायेगा। यदि कोई समिति/ट्रस्ट जनहित में अपना विलय इस ट्रस्ट में करना चाहता है उस समिति/ट्रस्ट द्वारा बहुमत प्रस्ताव पारित करके उस ट्रस्ट/समिति का विलय कर सकेगा लेकिन विलय के बाद पिछली ट्रस्ट /समिति के किसी भी पदाधिकारी को इस ट्रस्ट में रखने की बाध्यता नही होगी। इस पूरी विलय प्रकिया को लागू करने के लिये ट्रस्ट के मैनेजिग ट्रस्टी ही अधिकृत होगा। यदि ट्रस्ट को अन्य किसी कार्य को सम्पादित करने के लिये विधिक रूप से कोई समिति के पंजीकरण की आवश्यकता हुई तो वह समिति भी इस ट्रस्ट के अधीन ही होगी और सारे अधिकार भी मैनेजिंग ट्रस्टी व अन्य ट्रस्टी गणों को ही होगें और मैनेजिग ट्रस्टी संस्था/ समिति के संचालन के लिये किसी को भी पदाधिकारी/कमेटी नामित कर सकता है और यदि इसके द्वारा ट्रस्ट/संस्था/समिति के हितों के विरूद्ध कोई कार्य किया गया तो तत्काल प्रभाव से मैनेंजिग ट्रस्टी को अधिकार होगा कि वह उन्हे हटाकर पुनः नये पदाधिकारी/कमेटी नामित कर दें तथा इस संस्था/समिति के खातों का भी संचालन मैनेंजिग ट्रस्टी के द्वारा एकल रूप से किया जायेगा और आवश्यकता पडने पर समय-समय पर निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार मैनेजिंग ट्रस्टी में ही निहित है।

सन्तोष कुमारी Vineet

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

34AB 326368

## ट्रस्टीगण के अधिकार

1. ट्रस्ट के फण्ड का समुचित प्रबन्ध करना तथा होने वाली आय, लाभ एवं ब्याज को प्राप्त कराना उस पर होने वाले व्यय व अन्य देनदारियों का भुगतान करना ।
2. मैनेजिंग ट्रस्टी – ट्रस्ट का सर्वोच्च प्रशासनिक पदाधिकारी होगा तथा वह ट्रस्ट की ओर से समस्त प्रकार का पत्र व्यवहार करेगा। ट्रस्ट की तथा ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं की बैठकों की कार्यवाही लिखना लिपिबद्ध करवाएगा तथा ट्रस्ट के कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार करेगा। ट्रस्ट की अदालती मे ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करेगा ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालयों की व्यवस्था करना उनका आकस्मिक निरीक्षण करना प्रधानाचार्य को अवकाश देना व उसके द्वारा संचालित विद्यालयों में कर्मचारियों की नियुक्ति, निष्कासन, पदोन्नति, पदच्युत करना, वेतन भोगी कर्मचारियों का वेतन तय करना व भुगतान करना उसके अधिकार में होगा। ट्रस्ट की समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति की सुरक्षा करना, क्रय तथा विक्रय करना हस्तान्तरण किराये पट्टे पर लेने देने सम्बन्धित प्रपत्रों दस्तावेजों, शर्तनामों, बैनामों आदि पर हस्ताक्षर करने का अधिकार मैनेजिंग ट्रस्टी का होगा। ट्रस्ट के विकास हेतु समस्त प्रकार की धनराशियाँ सरकारी विभागो से अनुदान, ऋण आदि प्राप्त करना, अनुदान वाले प्रपत्र दस्तावेजों आदि पर हस्ताक्षर करना, ट्रस्ट की ओर से ऋण देने वाले के पक्ष में बन्धक वाले प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करना मैनेजिंग ट्रस्टी का कर्तव्य होगा।

सन्तोष कुमारी Vineet

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये

TEN RUPEES

रु.10

Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

34AB 326369

3– संयुक्त मैनेजिंग ट्रस्टी–

मैंनेजिंग ट्रस्टी की अनुपस्थिति में उनके सभी अधिकारों का उपयोग करेंगे, मैनेजिंग ट्रस्टी की उपस्थिति में भी उनके निर्देशानुसार प्रतिनिधि के रूप में बैनामा, अदालती कार्यवाही, सम्पति का कय तथा विकय एवं अन्य सभी कार्य करेंगे।

4. ट्रस्टीगण उन सभी अधिकारों का प्रयोग करने हेतु अधिकृत होंगे जो उन्हें विशेष रूप से मैनेजिंग ट्रस्ट द्वारा प्रदत्त किये गये हों, तथा जो ट्रस्ट के सुचारू संचालन में उपयोगी एवं हित साधक हो।

5. ट्रस्ट द्वारा अथवा ट्रस्ट के विरूद्ध विभिन्न न्यायालयों में प्रस्तुत वादों की पैरवी, ट्रस्ट की सम्पति के रख रखाव एवं स्वामित्व की सुरक्षा का उत्तरदायित्व ट्रस्टीगणों का होगा, इस कार्य हेतु मैनेजिंग ट्रस्टी ही अधिकृत होंगे।

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

34AB 326372

6. ट्रस्ट के ट्रस्टीगण इस ट्रस्टडीड द्वारा प्रदत्त की गई शक्तियों व उत्तरदायित्वों के निर्वहन के अतिरिक्त इण्डियन ट्रस्ट एक्ट– 1882 के अन्तर्गत प्राविधानिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे।
7. ट्रस्टीगण किसी भी समय ट्रस्ट के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किसी भी भारतीय अथवा विदेशी व्यक्ति या संस्था या बैंक या वित्तीय संस्था से स्वेच्छापूर्वक दिया गया दान, अंशदान, उपहार, मासिक/वार्षिक चन्दा, डोनेशन ऋण और अन्य सभी प्रकार की वित्तीय तथा तकनीकि सहायता आदि प्राप्त कर सकेंगे।

सन्तोषकुमारी

Vineet

यास पत्र

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11,000.00 | 110.00 | 20 | 130.00 | 1,000 |
| | फीस रजिस्ट्री | नकल व प्रति शुल्क | योग | शब्द लगभग |

न्यास की राशि

श्री शिव प्रसाद यादव (मैनेजिंग ट्रस्टी )

पुत्र श्री स्व0 बाबूराम यादव

व्यवसाय व्यापार

निवासी स्थायी ग्राम व पो0 हरदू जिला औरैया

अस्थायी पता

ने यह लेखपत्र इस कार्यालय में दिनांक 18/8/2012 समय 12:35PM

बजे निबन्धन हेतु पेश किया।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

दिनेश सिंह
उपनिबन्धक
इटावा
18/8/2012

निष्पादन लेखपत्र वाद सुनने व समझने मजमून

न्यासी

श्री शिव प्रसाद यादव (मैनेजिंग ट्रस्टी )
पुत्र श्री स्व0 बाबूराम यादव
पेशा व्यापार
निवासी ग्राम व पो0 हरदू जिला औरैया

श्री विनीत यादव (ज्वांइट मैनेजिंग ट्रस्टी )
पुत्र श्री शिव प्रसाद यादव
पेशा व्यापार
निवासी मानिकपुर मोड अड्डा निहाल शहर इटावा

श्रीमती सन्तोष कुमारी (ट्रस्टी)
पत्नी श्री शिव प्रसाद यादव
पेशा गृहिणी
निवासी ग्राम व पो0 हरदू जिला औरैया

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 34AB 326370

12

8. ट्रस्ट के समस्त लेख एवं आय व्यय का विवरण निर्धारित लेखों/अभिलेखों में अंकित किया जायेगा। ट्रस्टीगण द्वारा प्रतिवर्ष 21 मार्च तक की समस्त प्राप्तियां एवं भुगतान लेखा, आय–व्यय, वैलेन्स शीट तैयार कराकर उसका किसी योग्य चार्टर्ड एकाउन्ट से आडिट कराया जायेगा।

9. ट्रस्टीगण द्वारा समय–समय पर ट्रस्ट के कार्य संचालन हेतु कर्मचारियों तथा लेखालिपिक, कार्यालय सहायक व अन्य कर्मचारियों की आवश्यतानुसार नियुक्ति की जायेगी तथा उसके वेतन एवं भत्ते निर्धारित किये जायेगं ऐसे कर्मचारियों का देय वेतन एवं भत्ते ट्रस्ट के फण्ड से ही भुगतान किये जायेगें।

10. ट्रस्टीगण को यह अधिकार होगा कि वह बहुमत के आधार पर निर्णय लेकर ट्रस्ट के व्यापक हित मे ट्रस्ट की सम्पत्ति को विक्रय कर सकेगे या गिरवी रख सकेंगे किन्तु गिरवी रखकर या बेंचकर जो धन प्राप्त होगा वह सर्व सम्मति से ट्रस्ट या ट्रस्ट द्वारा संचालित संस्थाओं के विकास हेतु या ट्रस्ट की किसी अन्य सम्पत्ति को क्रय करने हेतु ही उपयोग किया जायेगा।

10. ट्रस्ट के सभी फण्ड आयकर अधिनियम की धारा–13 के प्राविधानों के अन्तर्गत ही प्रयुक्त एवं निवेशित किये जायेगें।

सन्तोषकुमारी Vinet

ने निष्पादन स्वीकार किया ।

जिनकी पहचान श्री भारत हान्डा

पुत्र श्री जगदेवराज

पेशा व्यापार

निवासी 6/4, साईट नं01 किदवई नगर कानपुर

व श्री बेनीराम पाल

पुत्र श्री राम शंकर

पेशा व्यापार

निवासी बहादुरपुर औरैया जिला औरैया

ने की ।

प्रत्यक्षतः भद्र साक्षियों के निशान अंगूठे नियमानुसार लिये गये हैं।



रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

दिनेश सिंह
उपनिबन्धक
इटावा
18/8/2012




13

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH 34AB 326371

ट्रस्ट की सम्पूर्ण चल–अचल सम्पत्ति, यदि किसी कारणवश ट्रस्ट भंग हो जाये अथवा समाप्त हो जाये तो समान उद्देश्यों के लिए कार्यरत अन्य किसी संस्था को सौप दी जायेगी, जो इसका उपयोग सार्वजनिक शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु ही करेगी।

अतः हम निम्न हस्ताक्षरकर्ता ट्रस्टीगण यह ट्रस्टडीड आज दिनांक 10.08.2012 2012 को तहरीर कर दी कि सनद रहे वक्त जरूरत काम आवे।

हस्ताक्षर ट्रस्टीगण–

श्री शिवप्रसाद यादव पुत्र स्व0 श्री बाबूराम यादव

श्री विनीत यादव पुत्र श्री शिवप्रसाद यादव

श्रीमती सन्तोष कुमारी पत्नी श्री शिवप्रसाद यादव

## न्यासी

Registration No.: 59 Year : 2,012 Book No. : 4

**0101** शिव प्रसाद यादव (मैनेर्जिग ट्रस्टी )

स्व0 बाबूराम यादव

ग्राम व पो0 हरदू जिला औरैया

व्यापार





**0102** विनीत यादव (ज्वांइट मैनेजिंग ट्रस्टी )

शिव प्रसाद यादव

मानिकपुर मोड अडडा निहाल शहर इटावा

व्यापार





**0103** सन्तोष कुमारी (ट्रस्टी)

शिव प्रसाद यादव

ग्राम व पो0 हरदू जिला औरैया

गृहिणी





भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

34AB 326373

14

गवाह

1. भारत धन्डा s/o श्री जगदेव राज नि० 6/4 साईट नं० 1 किदवई नगर, कानपुर -
2. बेनीराम पाल s/o श्री राम शंकर नि० बहादुरपुर, औरैया जनपद औरैया

BW

Beni Ram

सन्तोष कुमारी

Vineet

आज दिनांक **18/08/2012** को

वही सं. **4** जिल्द सं. **44**

पृष्ठ सं. **131** से **158** पर कमांक **59**

रजिस्ट्रीकृत किया गया ।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के हस्ताक्षर

दिनेश सिंह
उपनिबन्धक
इटावा
18/8/2012